*बिहार विधान*
*मंडलीय कार्य*
*अत्यावश्यक*

पत्र संख्या– सं0का0–1/वि0मं0(सत्र)01–01/2026–............/

# बिहार सरकार
## संसदीय कार्य विभाग

**प्रेषक,**

**प्रत्यय अमृत,**
मुख्य सचिव, बिहार।

**सेवा में,**

**अपर मुख्य सचिव/प्रधान सचिव/सचिव,**
सभी विभाग,
बिहार, पटना।

पटना, दिनांक–...............2026

*विषय : अष्टादश बिहार विधान सभा के तृतीय सत्र तथा बिहार विधान परिषद् के 213वें सत्र में माननीय सदस्यों द्वारा पूछे जाने वाले अल्पसूचित एवं तारांकित प्रश्नों के उत्तर ससमय उपलब्ध कराने के संबंध में।*

महाशय,

अष्टादश बिहार विधान सभा का तृतीय सत्र तथा बिहार विधान परिषद् का 213वाँ सत्र **दिनांक–20.07.2026** से आहूत है। बिहार विधान सभा/परिषद् की प्रक्रिया एवं कार्य संचालन नियमावली में अंकित प्रावधानों के आलोक में प्रश्नों के उत्तर के लिये आवंटित तिथि से क्रमशः पाँच/तीन दिन पूर्व संबंधित विभाग से लिखित उत्तर बिहार विधान सभा/परिषद् सचिवालय को प्राप्त हो जाना चाहिये ताकि ससमय उसे माननीय सदस्यों को उपलब्ध कराया जा सके।

अतएव अष्टादश बिहार विधान सभा के तृतीय सत्र तथा बिहार विधान परिषद् के 213वें सत्र में माननीय सदस्यों द्वारा पूछे जाने वाले अल्पसूचित एवं तारांकित प्रश्नों के उत्तर की प्रतियाँ विधान सभा सचिवालय को निर्धारित तिथि से **कम से कम पाँच दिन पूर्व** तथा विधान परिषद् सचिवालय को **तीन दिन पूर्व** ऑन लाईन/ऑफ लाईन के माध्यम से उपलब्ध करायी जाए। साथ ही संलग्न प्रपत्र में आसन्न सत्र के प्रश्नों, निवेदन, ध्यानाकर्षण, शून्यकाल, याचिका एवं गैर सरकारी संकल्पों से संबंधित **दैनिक** समेकित प्रतिवेदन भी सत्रावधि में प्रतिदिन **अपराह्न 4.00 बजे तक** अनिवार्य रूप से ऑन लाईन/ऑफ लाईन के माध्यम से संसदीय कार्य विभाग को उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाय।

विश्वासभाजन,

*अनु0–यथोक्त।*

ह0/–
(प्रत्यय अमृत)

ज्ञापांक–सं0का0–1 / वि0मं0(सत्र)01–01 / 2026–.......... / पटना, दिनांक–...............2026

प्रतिलिपि–प्रभारी सचिव, बिहार विधान सभा एवं प्रभारी सचिव, बिहार विधान परिषद्, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

ह0 / –

(राजेश कुमार)

सरकार के अपर सचिव।

ज्ञापांक–सं0का0–1 / वि0मं0(सत्र)01–01 / 2026–..791... / पटना, दिनांक–..09.07..2026

प्रतिलिपि–आई0टी0 मैनेजर, संसदीय कार्य विभाग, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

09/07/2026

सरकार के अपर सचिव।